# समाचार

## चेकपोस्ट डबरीपारा में पानी की निकासी कराई महापौर ने

### (बरसाती पानी के भराव का जायजा लेने पहुंची थी महापौर)



कोरबा 24 जुलाई 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 18 चेकपोस्ट डबरीपारा एवं ऊपरपारा में बस्तियों में बरसाती पानी के भराव की स्थिति की जायजा लिया तथा मौके पर ही निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर पानी की निकासी कराई। उन्होने वर्षा के दौरान बस्तियों में जल भराव की स्थिति पर सतर्क नजर रखने तथा जल भराव की स्थिति में पानी की निकासी की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

लगातार हो रही वर्षा के परिणाम स्वरूप निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 18 चेकपोस्ट के अंतर्गत आने वाली डबरीपारा एवं ऊपरपारा बस्तियों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी, इसकी जानकारी प्राप्त होते ही महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन बस्तियों में पहुंचकर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने मौके पर ही निगम के अधिकारियों को बुलाकर पानी की शीघ्र निकासी के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, निगम की जे.सी.बी. के माध्यम से रास्ता बनाकर पानी की निकासी मौके पर ही की गई तथा जल भराव को समाप्त किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु जारी है, बरसात के दौरान निगम क्षेत्रांतर्गत निचले क्षेत्रों में स्थित बस्तियों में जल भराव की स्थिति पर सतर्क नजर रखें तथा यदि कहीं पर भी जल भराव की स्थिति निर्मित होती है तो वहां सभी आवश्यक संसाधनों के साथ पहुंचकर पानी की त्वरित निकासी का कार्य सुनिश्चित करें, ताकि बस्तीवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**पचरी निर्माण के दिए निर्देश** – इस दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बस्तीवासियों के अनुरोध पर डबरीपारा स्थित तालाब का अवलोकन किया तथा उनकी मांग पर तालाब में पुरूषों एवं महिलाओं के लिए पृथक–पृथक पचरी घाट के निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन के मरम्मत एवं सड़कों का जीर्णोद्धार कराए जाने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

इस अवसर पर मेयर इन कांउसिल सदस्य देवीदयाल सोनी, वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, चन्द्रकांत यादव, उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार के साथ–साथ निगम के अन्य कर्मचारीगण तथा बस्तीवासी उपस्थित थे।